वर्ष : 1, अंक: 108 इंदौर, गुरुवार 27 मार्च 2025
RNI-NO.MPHIN/2015/64585
रणजीत टाइम्स
DIGITAL EDITION

# मुझे लोकसभा में बोलने नहीं दिया जाता : राहुल

- हम जो कहना चाहते हैं, कहने नहीं देते, सदन अलोकतांत्रिक तरीके से चला रहे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बजट सत्र के दूसरे फेज का 11वां दिन था। इस दौरान विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मुझे लोकसभा में बोलने नहीं दिया जाता है। संसद अलोकतांत्रिक तरीके से चलाई जा रही है।

उन्होंने कहा- विपक्ष के सवालों का जवाब नहीं मिलता है। संसद केवल सरकार के लिए चल रही है। इस बीच विपक्ष के 70 सांसद लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से मिले। सांसदों ने स्पीकर से अपनी नाराजगी जताई। राहुल गांधी ने कहा कि मुझे नहीं पता कि क्या हुआ। मैं खड़ा हुआ और कहा कि मुझे बोलने दीजिए। स्पीकर एक शब्द नहीं बोले, घूमकर चले गए। हाउस एडजर्न (सदन स्थगित) कर दिया गया। मैंने कुछ नहीं किया। मैं बिल्कुल शांति से बैठा था। अभी भी मैंने एक शब्द नहीं बोला। पिछले 7-8 दिन में मैंने कुछ नहीं बोला है। ये नया



तरीका है। डेमोक्रेसी में सरकार और अपोजिशन (विपक्ष) की जगह होती है। यहां अपोजिशन की जगह है ही नहीं। यहां सिर्फ सरकार की जगह है।

उस दिन प्रधानमंत्री जी ने कुंभ मेले के बारे में बोला। मैं कहना चाहता था कि कुंभ बहुत अच्छा हुआ। बेरोजगारी के बारे में बोलना चाहता था, लेकिन बोलने नहीं दिया।

- जज कैश केस- जस्टिस यशवंत वर्मा पर जांच तेज

# बंगले पर पहुंची दिल्ली पुलिस

- सुप्रीम कोर्ट के कर्मचारी भी गए अंदर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हाइकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के तुगलक क्रिसेंट रोड स्थित सरकारी आवास पर दिल्ली पुलिस पहुंची है। नई दिल्ली जिले के डीसीपी देवेश महला मुआयना करने पहुंचे हैं। उनके साथ तुगलक रोड के एसीपी वीरेंद्र जैन और सुप्रीम कोर्ट के दो-तीन कर्मचारी भी अंदर गए।

बताया गया कि करीब 2.15 बजे ये सभी अधिकारी जस्टिस यशवंत वर्मा के आवास पर पहुंचे थे। ये लोग स्टोर रूम का मुआयना कर रहे थे, जहां 14 मार्च की रात 11.15 बजे आग लगी थी।

बता दें कि आग लगने से स्टोर रूम में बोरियों में रखे बेहिसाब नोट जल गए थे। इससे पहले बीते कल यानी मंगलवार को तीन जजों की कमेटी भी जांच करने उनके आवास पर पहुंची थी। तीनों जजों ने करीब 45 मिनट तक मुआयना किया था।



सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त आंतरिक समिति के तीनों सदस्य मंगलवार को दिल्ली हाई कोर्ट के जज यशवंत वर्मा के आवास पर पहुंचे और आवास पर भारी मात्रा में नकदी मिलने के आरोपों की जांच प्रारंभ की।

समिति के सदस्य पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश शील नागू, हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जीएस संधावालिया और कर्नाटक हाई कोर्ट के न्यायाधीश अनु शिवरामन मंगलवार को जस्टिस वर्मा के आवास 30 तुगलक क्रिसेंट पहुंचे और 30-35 मिनट तक उनके घर में रहे। सूत्रों के अनुसार, दोपहर में जस्टिस वर्मा के आवास से रवाना होने से पूर्व समिति ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। हालांकि, यह पता नहीं चल सका कि समिति के सदस्य जब वहां पहुंचे तो जस्टिस वर्मा अपने आवास पर थे अथवा नहीं।

## पुलिस ने स्टोर रूम सील किया, यहीं अधजले नोट मिले थे

दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के घर जले हुए नोटों के बंडल मिलने के मामले में बुधवार को पुलिस उनके घर पहुंची। रिपोर्ट्स के मुताबिक, डीसीपी नई दिल्ली देवेश की टीम ने पैसे मिलने वाले स्टोर रूम को सील किया है। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करने को कहा है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता एडवोकेट मैथ्यूज जे नेदुम्परा को सार्वजनिक बयान न देने का आदेश दिया है। हालांकि मैथ्यू ने सीजेआई की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने जले हुए नोटों के वीडियो को सार्वजनिक करके अच्छा काम किया है। इसके अलावा दूसरे याचिकाकर्ता ने सीजीआई के निर्णय को चुनौती दी, जिसमें 3 जजों के पैनल को आंतरिक जांच करने को कहा गया है।

# राणा सांगा को गद्दार कहने वाले सपा सांसद के घर हमला

- आगरा में करणी सेना के कार्यकर्ता बुलडोजर लेकर पहुंचे



**आगरा (एजेंसी)।** राज्यसभा में राणा सांगा को गद्दार कहने वाले सपा सांसद रामजी लाल सुमन के आगरा स्थित घर पर बुधवार को करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने हमला कर दिया। 1000 से ज्यादा कार्यकर्ता बुलडोजर लेकर सांसद के आवास पर पहुंचे। वहां जमकर तोड़फोड़ और पथराव किया। झड़प में कई पुलिसकर्मी घायल हो गए।

करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने सांसद के घर के बाहर रखी 40 से 50 कुर्सियां तोड़ डालीं। मेन गेट तोड़कर घर के अंदर घुसने की भी कोशिश की। कार्यकर्ताओं ने सांसद के घर के बाहर खड़ी 10 से ज्यादा गाड़ियों में तोड़फोड़ की। घटनास्थल से 1 किमी दूरी पर सीएम योगी का कार्यक्रम चल रहा है।

**बैरिकेडिंग तोड़ी, एक्सप्रेस-वे से शहर में घुसे** - करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़ दी। कार्यकर्ता जयश्री राम का नारा लगा रहे थे। पुलिस ने कार्यकर्ताओं को रास्ते में रोकने की कोशिश की, लेकिन वे एक्सप्रेस-वे से शहर के अंदर घुस गए।

- **राष्ट्रीय अध्यक्ष का पैर टूटा-** करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरू सिंह ने एक्स पर लिखा, राणा सांगा जी के सम्मान में आज आगरा में इतिहास लिखा गया। पुलिस ने लाठीचार्ज की, मेरा पैर टूट गया है।
- **डिंपल बोलीं- सपा सांसद के आवास पर सरकार हमले करा रही-** समाजवादी पार्टी सांसद डिंपल यादव ने सपा सांसद रामजी लाल सुमन के आवास के बाहर तोड़फोड़ और पथराव पर कहा, अगर हम उत्तर प्रदेश की स्थिति देखें, जहां सड़कों पर बम फट रहे हैं, जहां महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। यह सरकार की जिम्मेदारी है।
- **सपा सांसद के बयान से करोड़ों लोग आहत हुए-** भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने सपा सांसद रामजी लाल सुमन के बयान पर कहा, जब उनका (सपा सांसद रामजी लाल सुमन) बयान आया था तो उससे करोड़ों लोग आहत हुए थे।

# लालू बोले-वक्फ संशोधन बिल का नीतीश समर्थन कर रहे

**पटना (एजेंसी)।** पटना में वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ बुधवार को गर्दनीबाग में मुस्लिम संगठनों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन को आरजेडी का समर्थन मिला। धरनास्थल पर आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी पहुंचे। दोपहर बाद प्रशांत किशोर



भी गर्दनीबाग पहुंचे और वक्फ बिल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का समर्थन किया।

लालू यादव ने कहा- गलत हो रहा है। सरकार को देखना चाहिए। हम इसके विरोध में हैं। किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। नीतीश कुमार उन लोगों के साथ हैं, वो इस बिल का समर्थन कर रहे हैं। जनता सब समझ रही है। वहीं, सभा को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा- किसी भी कीमत पर नागपुरिया कानून लागू नहीं होने देंगे।

# महादेव सट्टा...भूपेश बघेल के घर सीबीआई रेड, समर्थकों का हंगामा

- कांग्रेस विधायक, 4 आईपीएस के यहां भी छापा; 4 राज्यों के 60 जगहों पर ऐक्शन

**रायपुर (एजेंसी)।** महादेव सट्टा एप मामले में सीबीआई की टीम ने छत्तीसगढ़ सहित 4 राज्यों दिल्ली, भोपाल और कोलकाता के 60 जगहों पर छापा मारा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उनके दो ओएसडी रहे आशीष वर्मा और मनीष बंछोर, उनकी सेक्रेटरी रहीं सौम्या चौरसिया, विधायक देवेंद्र यादव, रिटायर्ड आईएएस अनिल टुटेजा और 4 आईपीएस अधिकारी आनंद छाबड़ा, अभिषेक पल्लव, आरिफ शेख, प्रशांत अग्रवाल के घर जांच जारी है। इसके साथ ही एएसपीसंजय ध्रुव



और दो सिपाही नकुल-सहदेव के घर भी टीम ने दबिश दी है। रायपुर, दुर्ग और भिलाई में 10 से अधिक टीमें कार्रवाई कर रही है। भूपेश बघेल के रायपुर और भिलाई स्थित घर में सीबीआई की टीम ने तड़के दबिश दी है। परिजनों को घर के अंदर रोककर रखा गया था।

## भूपेश के घर के बाहर पुलिस से भिड़े समर्थक

पूर्व सीएम के भिलाई-3 पदुम नगर स्थित घर, विधायक देवेंद्र यादव के सेक्टर 5 स्थित घर, आईपीएस अभिषेक पल्लव के सेक्टर 9 स्थित निवास और उनके समय में महादेव सट्टा चलाने वाले सिपाही नकुल और सहदेव के नेहरू नगर स्थित घर पर दस्तावेजों की जांच जारी है।

# अवैध रूप से सट्टा जुआ खेलने वालों पर कसरावद पुलिस ने की कारवाई

**शिवकुमार राठौड़ पब्लिक एशिया कसरावद**

**रंजीत टाइम्स » कसराव**

खरगोन पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा एसडीओपी मनोहर सिंह गवली द्वारा आगामी त्योहार को दृष्टिगत रखते हुये अवैध रूप से सटटा जुआं खेलने वालों व खिलाने वाले पर प्रभावी कार्यवाही कर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया था उक्त निर्देशो के परिपालन में थाना प्रभारी कसरावद राजेंद्र बर्मन के निर्देशन में मंगलवार को कसरावद पुलिस के द्वारा मुखबिर की सूचना पर विश्वास कर वार्ड नं 02 पानी की टंकी के पास से आरोपी दिलीप लोहार के पर दबिश देकर हारजीत कर रूपयो पैसो से मांग पत्तो का दावं लगाकर जुआ खेलते आरोपी दिलीप पिता छगन लोहार उम्र 30 साल निवासी पानी की टंकी के पास कसरावद, भारत पिता बापू लोहार उम्र 50 साल निवासी ग्राम भीलगांव, रविशंकर पिता मुखराम उपाध्याय उम्र 35 साल निवासी कसरावद एवं करण पिता बापू लोहार उम्र 45 साल निवासी पानी की टंकी के पास कसरावद को दविश देकर पकडा जिनके कब्जे से 1590/-एवं 52 तास, पत्ते जप्त किये तथा जुआं अधिनियम का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र बर्मन उनि महेश यादव, सउनि आशीष पटेल, प्र आर महेश मालनीया आरक्षक अतुल महिला आरक्षक सविता।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया जनसंपर्क विभाग के मोबाइल ऐप का लोकार्पण

**रंजीत टाइम्स » दीपक तोमर**

खरगोन। सरकारकी नीतियों, योजनाओं और समाचारों की त्वरित व सटीक जानकारी सीधे मोबाइल पर होगी प्राप्त मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में जनसंपर्क विभाग द्वारा विकसित मोबाइल ऐप का लोकार्पण किया। इस ऐप से प्रदेशवासियों को सरकार की नीतियों, योजनाओं और महत्वपूर्ण समाचारों की त्वरित व सटीक जानकारी सीधे मोबाइल पर ही प्राप्त हो सकेगी। मोबाइल ऐप पर समाचार, फोटो गैलरी, वीडियो गैलरी, मंत्री परिषद के निर्णय, आलेख, विभिन्न विभागों की वेबसाइट के लिंक, जिलों के समाचार तथा मंत्रिमंडल के सदस्यों, कमिश्नर और कलेक्टर की सूची आसानी से प्राप्त हो सकेगी। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. सुदाम खाड़े, संचालक जनसम्पर्क श्री अंशुल गुप्ता तथा सोशल मीडिया विशेषज्ञ उपस्थित थे आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. खाड़े ने अवगत कराया कि जनसम्पर्क विभाग के पोर्टल mpinfo.org का Android Based मोबाइल ऐप तैयार किया गया है। मोबाइल ऐप में मुख्यमंत्री के लाइव कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण देखा जा सकेगा। मुख्यमंत्री एवं मंत्रीगण से जुड़े समाचार सिंगल क्लिक पर ऐप में उपलब्ध होंगे। ऐप पर स्क्रीन रीडर की भी सुविधा दी गई है, जिससे यूजर आसानी से समाचार सुन सकेंगे। उन्होंने बताया कि ऐप में वॉइस सर्च की सुविधा दी गई है, जिससे यूजर आसानी से आवश्यकता अनुसार कंटेंट सर्च कर सकते हैं। ऐप पर व्हाट्सऐप एवं अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर शेयर करने की लिंक भी दी गई है, इससे सुगमता से कंटेंट को सोशल मीडिया



प्लेटफार्म पर शेयर किया जा सकेगा। मोबाइल ऐप पर पुश नोटिफिकेशन की सुविधा भी दी गई है, इसके माध्यम से समाचार को सभी यूजर्स तक पुश किया जा सकता है।

# पत्रकार कुलदीप सिंगरोलिया मामले में TI लाइन अटैच

**रोहित वाघेला, भोपाल**

पत्रकार कुलदीप सिंगरोलिया मामले में TI को लाइन अटैच कर दिया गया है। मंगलवार सुबह भाजपा मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल के साथ पत्रकार कटारा हिल्स थाने में प्रदर्शन करने पहुंचे थे। घंटों प्रदर्शन करने के बाद उन्होंने कहा कि, कुलदीप सिंगरोलिया मामले में TI को लाइन अटैच किया जाएगा। हालांकि अभी आधिकारिक आदेश आना बाकी है।

कुलदीप सिंगरोलिया मामले में TI के निलंबन की मांग की जा रही थी। इस मामले पर भाजपा मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने संज्ञान लिया था। वे पत्रकारों के साथ कटारा हिल्स थाने पहुंचे थे और टीआई के निलंबन की मांग कर रहे थे। पेशे से पत्रकार कुलदीप सिंगरोलिया के खिलाफ तथाकथित एक्सीडेंट के केस में अड़ीबाजी का मामला दर्ज किया गया था।

बताया जा रहा है कि, कुलदीप सिंगरोलिया मामले में DGP ने संज्ञान लिया था। DGP ने एडिशनल सीपी अवधेश गोस्वामी को जांच के निर्देश दिए थे। एक्सीडेंट के केस में कटारा हिल्स थाने में कुलदीप सिंगरोलिया के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एफआईआर में जिस गाड़ी का जिक्र है वह कुलदीप सिंगरोलिया की नहीं है। यह सामने आया है। आधी रात को पुलिस ने कुलदीप सिंगरोलिया को गिरफ्तार किया है। एक्सीडेंट के मामले में पुलिस ने कुलदीप सिंगरोलिया के खिलाफ अड़ीबाजी की धाराएं भी जोड़ी है जो चौंकाने वाला है।

# महिला पुजारी द्वारा शिव और राम भक्तों से अभद्र व्यवहार



**रंजीत टाइम्स »**

**इंदौर खातीवाला टैंक स्थित जैन मंदिर के पीछे राम मंदिर में महिला पुजारी जिसका नाम पूजा है जो कथित रूप से पुजारी बनकर स्थानीय लोगों को श्री राम भक्तों को शिव भक्तों को पूजा पाठ नहीं करने देती अगर वह पूजा करने आते हैं तो गाली गलौज करती है।**

कार्तिक महिला पुजारी पूजा के पिता जो इस मंदिर में पूजा पाठ करते थे उनकी 25 वर्ष पहले निधन हो गया उसके बाद यह महिला जो दिल्ली के रहने वाली है यहां आकर मंदिर पर अवैध कब्जा कर लिया वह मंदिर के चारों तरफ कमरा बना लिए अब स्थानीय लोग इस कातिक महिला पुजारी की शिकायत इंदौर कलेक्टर को मंगलवार जनसुनवाई में करेंगे और अवैध कब्जा हटाने की मांग करेंगे जिससे रहवासी मंदिर का रंग रोगन और उसे सुंदर बनाकर पूजा पाठ कर सकें।

## 31 मार्च को महेश्वर में राष्ट्रसमर्था देवी अहिल्या की पुण्यगाथा नाट्य प्रस्तुति का आयोजन

**रंजीत टाइम्स » दीपक तोमर**

महेश्वर। मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के निर्देशानुसार लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के 300वें जन्म वर्ष के अवसर पर 31 मार्च, 2025 को महेश्वर (खरगोन) में जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद द्वारा सांस्कृतिक आयोजन किया जायेगा। जिसमें 'राष्ट्रसमर्था देवी अहिल्या की पुण्यगाथा' नाट्य प्रस्तुति संयोजित होगी। इस प्रस्तुति में 45 कलाकार शामिल होंगे। कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल ने इस आयोजन के क्रियान्वयन के लिए जिला प्रशासन की ओर से जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आकाश सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। आम जन से अपील की गई है कि इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल हों।

## नगरपालिका परिषद खरगोन बजट 2025-26

**रंजीत टाइम्स » दीपक तोमर**

खरगोन। नगरपालिका परिषद् खरगोन द्वारा नगर सरकार का बजट परिषद बैठक में सर्व सम्मति से 154,00 करोड़ का पारित किया गया। जिसमें राजस्व आय 84,70,30,000 रुपये एवं पूंजीगत आय 70,27,00,000/- एवं राजस्व व्यय 80,69,70,000/- एवं पूंजीगत व्यय 74,27,00,000/- का प्रावधान करते हुए निकाय की कुल बचत 60,000/- रूपये बजट में शासन नियमानुसार संचित निधि 5 प्रतिशत का प्रावधान किया गया है साथ ही स्थापना व्यय 58.30 प्रतिशत प्रस्तावित की गई है। उक्त बजट शासन नियमानुसार म.प्र. लेखा नियम 2018 के अनुसार जीएल कोड़ पर अधारित तैयार किय गया है। बजट में आम जनता पर किसी प्रकार का कोई टैक्स में वृद्धि नहीं की गई है एवं शहर की विकास योजनाओं हेतु बजट में प्रावधान किया जाकर विशेषकर ट्रांसपोर्ट नगर, सब्जी मण्डी विकास, कसरावद रोड़ चौडीकरण, एवं डिवाईडर हेतु भी प्रावधान किया गया है। उक्त बैठक में अध्यक्ष श्रीमती छाया अरूण जोशी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी एम.आर. निगवाल, परिषद के पार्षदगण, सभापति महोदय एवं अधिकारी/कर्मचारीगण की उपस्थित में परिषद बैठक का अयोजन किया गया।

बजट का वाचन श्री निलेश शुक्ला, लेखापाल द्वारा किया गया। श्री एम.आर. निगवाल द्वारा यह कहा गया कि नगरपालिका का बजट शहर के विकास उन्मुखी होगा एवं आगामी वर्ष में विकास के अनेकों कार्यों को प्राथमिकता देते हुए पूर्ण किया जावेगा।

रणजीत टाइम्स
इंदौर, गुरुवार 27 मार्च 2025
DIGITAL EDITION



# 21 पुलिस केस, 'वसीम बाबा' की महिमा रही जारी, स्कूटर पर दो 'चेलों' के साथ धराया

**रंजीत टाइम्स**

इंदौरः इंदौर पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। उन्होंने एक करोड़ रुपये की MD ड्रग्स के साथ मोस्ट वांटेड ड्रग पेडलर वसीम उर्फ बाबा को गिरफ्तार किया है। वसीम के साथ दो और आरोपी अहमद हुसैन और राकेश शाह भी पकड़े गए हैं। गुजरात एटीएस और क्राइम ब्रांच को वसीम की तलाश थी। उस पर देशभर में 21 से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस को यह सफलता आजाद नगर इलाके में गश्त के दौरान मिली। आजाद नगर पुलिस को इस मोस्ट वांटेड ड्रग पेडलर को पकड़ने में यह सफलता गश्त के दौरान मिली। पुलिस द्वारा वसीम उर्फ बाबा के साथ दो और लोगों को भी पकड़ा गया है। उनके पास से 100 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई है। इसकी कीमत लगभग 1 करोड़ रुपये है। वसीम गुजरात एटीएस, भोपाल क्राइम ब्रांच और आजाद नगर पुलिस थाना क्षेत्र से फरार चल रहा था। भोपाल क्राइम ब्रांच और आजाद नगर पुलिस ने उस पर 10-10 हजार रुपये का इनाम भी रखा था।



## स्कूटर से भागने के दौरान पकड़ाए

डीसीपी विनोद मीणा ने बताया कि पुलिस न्यू आरटीओ रोड पर चेकिंग कर रही थी। तभी एक स्कूटर पर तीन संदिग्ध दिखे। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन वे भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी करके तीनों को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से 100 ग्राम MD ड्रग्स मिली। पूछताछ में पता चला कि पकड़े गए लोगों के नाम वसीम उर्फ बाबा, अहमद हुसैन और राकेश शाह हैं।

बाबा पर 21 से ज्यादा मामले दर्ज

मुख्य आरोपी वसीम उर्फ बाबा लंबे समय से ड्रग्स की तस्करी कर रहा था। उस पर देशभर में 21 से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह गुजरात एटीएस, भोपाल क्राइम ब्रांच और आजाद नगर पुलिस की वांटेड लिस्ट में था। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर इनाम भी घोषित किया था। एसीपी करणदीप सिंह ने कहा कि पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। वे ड्रग्स सप्लाई करने वाले नेटवर्क के बारे में पता लगा रहे हैं। पुलिस जांच में पता चला है कि वसीम उर्फ बाबा लंबे समय से ड्रग्स के कारोबार से जुड़ा हुआ था। उसका नेटवर्क देश के कई हिस्सों में फैला हुआ था। वह कई सालों से ड्रग्स की तस्करी में शामिल था। पुलिस अब उसके नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों की तलाश कर रही है।

# तपती गर्मी

## भीषण गर्मी में शिवपुरी की नगर पालिका की ओर से प्याऊ की व्यवस्था नदारद

शिवपुरी । मौसम में गर्मी लगातार बढ़ती जा रही है। दिन भर पेयजल की जरूरत लोगों को पड़ रही है। ऐसे में शहर के अलग-अलग हिस्सों में पानी की जरूरत महसूस की जा रही है। पूर्व के वर्षों में नगर पालिका द्वारा कई प्रमुख स्थानों पर प्याऊ खोला जाता था, जहां पर लोगों को ठंडा पानी उपलब्ध कराया जाता था। इस वर्ष अब तक ऐसी कोई व्यवस्था नहीं की गई है। जिससे पानी खरीद कर लोग पी रहे हैं या फिर हैंडपंपों व अन्य स्त्रोतों के माध्यम से प्यास बुझा रहे हैं। नगर पालिका ने इस वर्ष कोई व्यवस्था प्याऊ की नहीं की है, जबकि कई संगठनों की ओर से मांग भी उठाई गई है कि शहर के प्रमुख स्थानों पर पीने के पानी का इंतजाम किया जाए। और वही कई संगठनों की ओर से ठंडा पीने के पानी की व्यवस्था भी की गई है वही दूसरी ओर नगर पालिका के



आल्हा अधिकारी हाथ खींचते नजर आ रहे हैं शिवपुरी शहर में नगर पालिका का नहीं है ध्यान भीषण गर्मी में कहीं भी प्याऊ की व्यवस्था नहीं किया गया है। जिससे बाजार में खरीदारी करने आये हर वर्ग के व्यक्तियों काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बीते दिनों से शिवपुरी में दिन में औसतन तापमान तेज होता जा रहा है। इस में शादी का सीजन भी जोरों पर है। लोग दिन व दोपहर में बच्चों संग अपने-अपने घर जा रहे हैं। चिलचिलाती धूप में भी साग-सब्जी व फल फूल से लेकर कपड़े, बर्तन आदि खरीदने को मजबूर हैं। भीषण गर्मी के इस दौर में पेयजल की महती आवश्यकता है। प्याऊ के अभाव में लोगों को बाजार से पानी खरीदकर प्यास बुझानी पड़ रही थी। पिछले वर्षों में प्याऊ की व्यवस्था मार्च का महीना शुरू होते ही हो जाती थी।

# आईडीए का बजट पेश

## इंदौर में होंगे डेढ़ हजार करोड़ रुपये के काम

**प्रवेश सिंह इंदौर रणजीत टाइम्स**

इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीएम) का बजट बुधवार को पेश किया गया है। इसमें बताया गया कि इस साल सड़क निर्माण,स्टार्टअप पार्क, अनाज मंडी, ब्रिज सहित अन्य विकास कार्यों पर डेढ़ हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे। प्राधिकरण ने 88 करोड़ रुपये फायदे का बजट पेश किया है। सबसे ज्यादा राशि 275 करोड़ रुपये सड़क निर्माण पर खर्च की जाएगी। उज्जैन रोड से बाइपास को जोड़ने के लिए इस साल एमआर-12 सड़क बनाई जाएगी।

आठ लेन की इस सड़क पर छह ब्रिज भी बनेंगे। मोरोद माचल क्षेत्र में एक अनाज मंडी भी बनाई जाएगी। फिर छावनी मंडी को वहां शिफ्ट कर दिया जाएगा। प्राधिकरण संगीत शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए महाविद्यालयों में गैर योजना मद में सभागृह भी बनाएगा। इसके अलावा विद्युतीकरण पर 73 करोड़ और ब्रिजों के निर्माण पर 196 करोड़ रुपये




खर्च होंगे। बड़े आवासीय, व्यावसायिक, स्वास्थ्य और शिक्षा भू-उपयोग के प्लॉट भी बेचे जाएंगे।

संभागायुक्त दीपक सिंह ने बताया कि इस साल शहरवासियों को एमआर-10 पर नए बस स्टेशन और वरिष्ठ जनों के काम्प्लेक्स की सुविधा मिल जाएगी। 32 फ्लैटों के इस काम्प्लेक्स में वाहनों की पार्किंग के अलावा फिजियोथैरेपी कक्ष, एम्बुलेंस सेवा भी रहेगी।

### यह काम होंगे इस साल

-सुपर कॉरिडोर पर स्टार्टअप पार्क बनाया जाएगा। 20 मंजिला बिल्डिंग में छोटी कंपनियों को स्पेस उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा एक कन्वेंशन सेंटर और एक होटल भी इस स्कीम में प्रस्तावित है।

सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए उज्जैन रोड से बाइपास तक एमआर-12 सड़क बनेगी। इसमें एक बड़ा ब्रिज और छह छोटे ब्रिज भी बनेगी। यह सड़क आने वाले पचास वर्षों के लिए उपयोगी होगी

-शहर में स्मार्ट आंगनवाड़ी और स्मार्ट प्रायमरी स्कूल भी प्राधिकरण बनाएगा। इसके अलावा अहिल्य लाइब्रेरी के प्रीतमलाल दुआ सभागृह का मरम्मत भी की जाएगी।

- टिगरिया बादशाह गांव में तालाब का सौंदर्यीकरण भी प्राधिकरण करेगा।

# "हाटपीपल्या पुलिस चौपाल"

# जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान एवं अपराधों से बचाव हेतु की जा रही जागरूकता





**रंजीत टाइम्स**

हाटपिपलिया। क्षेत्र में श्री उमा महाविद्यालय हाटपिपलिया एवं श्री उमा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हाटपिपलिया पाटीदार छात्रावास हाटपिपल्या "पुलिस चौपाल" आयोजित कर 500 से अधिक महाविद्यालय एवं स्कूली छात्र-छात्राओं से प्रभावी जनसंवाद स्थापित किया गया।पुलिस अधीक्षक श्री पुनीत गेहलोद द्वारा समस्त् थानों को निर्देशित किया गया है कि वे प्रतिदिन क्षेत्र के अलग-अलग हिस्सों में जाकर जनता से प्रभावी संवाद स्थापित करें, उनकी समस्याओं को जानें,और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। इसके साथ ही, साइबर अपराध और महिला संबंधी अपराध जैसे गुड टच और बैड टच के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से प्रत्येक थाना क्षेत्र में प्रतिदिन "पुलिस चौपाल" आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में आज दिनांक 26.03.2025 को थाना हाटपिपलिया पुलिस द्वारा "पुलिस चौपाल" का आयोजन किया गया जिसमें कुल 500 लोगों ने उपस्थिति दर्ज करायी। "पुलिस चौपाल" के दौरान छात्रों ने अपनी समस्याओं के बारे में पुलिस को जानकारी दी। साथ ही छात्रों ने पुलिस से अपनी अपेक्षाओं पर चर्चा की और पुलिस अधिकारी श्री सुजावल जग्गा (भारतीय पुलिस सेवा) थाना प्रभारी हाटपिपलिया एवं अनुविभागीय अधिकारी सुश्री सृष्टि भार्गव ने अपराधों से स्वंय की सुरक्षा के संबंध में लोगों को जागरूक किया।

# हाटपीपल्या में हुआ अखंड ज्योति रथ यात्रा का भव्य स्वागत



**रंजीत टाइम्स**

हाटपीपल्या- गायत्री परिवार के संस्थापक पूज्य गुरुदेव प0 श्रीराम शर्मा आचार्य जी द्वारा प्रज्वलित अखण्ड दीपक के 100 वर्ष 2026 में पुर्ण होंगे एवं इसी के साथ गायत्री परिवार की संस्थापिका वन्दनीयाँ माताजी भगवती देवी शर्मा का जन्म शताब्दी वर्ष भी 2026 में आने वाला है, इसी उपलक्ष्य में जन-जन को गुरुदेव के विचारों से जोडने हेतु यह रथ यात्रा क्षेत्र के गायत्री तीर्थ हाटपीपल्या पंहुची। गायत्री तीर्थ के कार्यकर्ताओं द्वारा यह रथ यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों मे निकाली गई जहाँ नगरवासियों ने रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया एवं सैकड़ों माताओं-बहनों ने रथ में स्थित अखण्ड ज्योति कलश का पूजन भी संपन्न किया एवं अखण्ड ज्योति कलश का प्रसाद शक्तिपीठ के परिजनों द्वारा श्रद्धालुओं को वितरित किया गया। हाटपीपल्या एवं क्षेत्र के गायत्री परिजनों ने भी इस रथ यात्रा के साथ सम्पूर्ण नगर का भ्रमण किया एवं पूज्य गुरुदेव द्वार रचित साहित्य घर-घर वितरित किया। सम्पूर्ण नगर भ्रमण के पश्चात यह रथ यात्रा शक्तिपीठ पंहुची जहाँ इस रथ यात्रा का समापन शान्तिपाठ के साथ हुआ। यह जानकारी गायत्री परिवार के श्री गिरीश चंद्र गुरु ने देते हुए सभी परिजनों एवं श्रद्धालुओं के अनुकरणीय सहयोग के लिए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

**देश भर में UPI सर्विस डाउन, Apps से पैसे भेज और रिसीव नहीं कर पा रहे यूजर्स, सोशल मीडिया पर की शिकायत भारत के यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) का सर्वर डाउन हो गया है यूजर्स को Phonepe, Google Pay समेत अन्य पेमेंट्स ऐप्स से पैसे भेजने और रिसीव करने में दिक्कत का सामना करना पड़ा।**



### 31,164 किलो सोना जुटाने के बाद

# सरकार ने बंद की गोल्ड मोनेटाइजेशन स्कीम



**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने बेहतर होती बाजार स्थितियों को ध्यान में रखते हुए स्वर्ण मौद्रीकरण योजना को बुधवार से बंद करने का फैसला किया है। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। हालांकि, मंत्रालय ने कहा कि बैंक एक से तीन साल वाली अपनी अल्पकालिक स्वर्ण जमा योजनाओं को जारी रख सकते हैं।

सरकार स्वर्ण मौद्रीकरण योजना के तहत नवंबर, 2024 तक लगभग 31,164 किलोग्राम सोना जुटा चुकी थी। सरकार ने इस योजना की घोषणा 15 सितंबर, 2015 को की थी। इसे लाने का उद्देश्य लंबी अवधि में सोने के आयात पर देश की निर्भरता को कम करने के साथ देश में परिवारों और संस्थानों द्वारा रखे गए सोने को जुटाना था ताकि इसका उपयोग उत्पादक उद्देश्यों के लिए किया जा सके।

जीएमएस में अल्पकालिक बैंक जमा (एक-तीन वर्ष), मध्यम अवधि सरकारी जमा (पांच-सात वर्ष) और दीर्घकालिक सरकारी जमा (12-15 वर्ष) के रूप में तीन घटक शामिल हैं। मंत्रालय ने कहा, स्वर्ण मौद्रीकरण योजना के प्रदर्शन की पड़ताल और बाजार की उभरती स्थितियों के आधार पर 26 मार्च, 2025 से जीएमएस के मध्यम अवधि और दीर्घकालिक सरकारी जमा वाले घटकों को बंद करने का निर्णय लिया गया है।

#### कितना सोना जमा है

हालांकि, जीएमएस के तहत बैंकों द्वारा पेश की जाने वाली अल्पकालिक बैंक जमा (एसटीबीडी) की सुविधा बैंकों के अपने विवेक पर जारी रहेगी। बैंक वाणिज्यिक व्यवहार्यता का आकलन कर एसटीबीडी को जारी रखने का फैसला कर सकते हैं। इस संबंध में रिजर्व बैंक के विस्तृत दिशानिर्देशों का पालन किया जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि जीएमएस के मध्यम-अवधि वाले घटक के तहत कोई भी सोना जमा 26 मार्च, 2025 से स्वीकार नहीं किया जाएगा। लेकिन इस घटक के तहत मौजूदा जमा जीएमएस के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुरूप अवधि पूरी होने तक जारी रहेगा।

## एचआईएल लिमिटेड अब होगी बिरलान्यू लिमिटेड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 3 अरब डॉलर मूल्य के सीके बिरला ग्रुप की कंपनी एचआईएल लिमिटेड की नई ब्रैंडिंग के बाद अब इसे बिरलान्यू लिमिटेड के नाम से जाना जाएगा। यह बदलाव कंपनी की महत्वाकांक्षी विकास रणनीति और बिल्डिंग प्रोडक्ट्स के क्षेत्र में विश्वस्तरीय उत्पाद तथा सेवाएं मुहैया कराने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। कंपनी की 32 उत्पादन सुविधाएं भारत समेत यूरोप में कार्यरत हैं और दुनियाभर के 80 से अधिक देशों में इसके ग्राहक एवं साझेदार हैं।

अवंती बिरला, प्रेसीडेंट, बिरलान्यू ने कहा, हमारी नई पहचान, बिरलान्यू हमारी कंपनी के बुनियादी मूल्यों - हमेशा आगे बढ़ने के लिए तत्पर, को दर्शाती है। हम जिस कारोबार में हैं, उसमें गुणवत्ता, नवाचार और टिकाऊपन पर हमारा ज़ोर रहता है। और हम जिन लोगों के लिए सेवाएं तथा उत्पादों को उपलब्ध कराते हैं, चाहे वे गृह-स्वामी हों, बिल्डर्स या डिजाइनर, हमारे हर कारोबार के मूल में हैं।बेहतर सामग्री का निर्माण हो, सस्टेनेबिलिटी में सुधार हो, या निर्माण के क्षेत्र में नए विचारों को शामिल करना हो, हम ऐसे नवाचारी भवनों एवं संरचनाओं का निर्माण करने पर जोर देते हैं जो समय की कसौटियों पर खरे उतरें। अक्षत सेठ, प्रबंध निदेश एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, बिरलान्यू ने कहा, हम हमेशा से उच्च गुणवत्ता वाली सस्टेनेबल निर्माण सामग्री उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध रहे हैः इनमें ऐसे पाइप, कंस्ट्रक्शन केमिकल्स, पुट्टी, रूफ, वॉल एवं फ्लोर शामिल हैं जो आधुनिक निर्माण की जरूरतों को पूरा कर सकें। हम इस क्षेत्र में अपने प्रयासों को और मजबूती देना चाहते हैं।

### एनसीसी लिमिटेड को बीएसएनएल से मिला बड़ा ऑर्डर

# अब शेयर पर रहेगी निवेशकों की नजर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी एनसीसी लिमिटेड को भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) से बड़ा ऑर्डर मिला है। यह ऑर्डर भारतनेट के मिड-मील नेटवर्क के डिजाइन, सप्लाई, कंस्ट्रक्शन, इंस्टॉलेशन, अपग्रेडेशन, ऑपरेशन और मेंटेनेंस के लिए मिला है। यह ऑर्डर 10,804.56 करोड़ रुपये (जीएसटी को छोड़कर) का है।

**शेयर पर रहेगी नजर-** इस ऑर्डर के बीच बुधवार को कंपनी के शेयर पर नजर रहेगी। बता दें कि मंगलवार को बीएसई इंडेक्स पर एनसीसी लिमिटेड के शेयर 3.90 या 1.86 प्रतिशत की गिरावट के साथ 205.25 पर बंद हुए। शेयर ट्रेडिंग के दौरान 203 रुपये के निचले स्तर पर आ गया था। मार्च 2025 में शेयर की कीमत 169.95 रुपये के निचले स्तर पर आ गई थी। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो है। जुलाई 2024 में शेयर की कीमत 364.50 रुपये थी। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है। एनसीसी ने एक नियामक फाइलिंग में कहा- हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि कंपनी को उत्तराखंड दूरसंचार सर्किल और मध्य प्रदेश, डीएनएच और डीडी दूरसंचार सर्किल में भारतनेट के मिडिल माइल नेटवर्क के लिए बीएसएनएल से 25 मार्च 2025 की तारीख के 2 एडवांस ऑर्डर प्राप्त हुए हैं।

**ऑर्डर की डिटेल-**पहले कॉन्ट्रैक्ट की कीमत 2,647.12 करोड़ है। यह उत्तराखंड दूरसंचार सर्किल को कवर करता है जबकि दूसरे ऑर्डर की कीमत 8,157.44 करोड़ है। यह मध्य प्रदेश, दादर और नगर हवेली, और दमन और दीव दूरसंचार सर्किल से संबंधित है। दोनों परियोजनाओं की निर्माण अवधि तीन साल और मेंटेनेंस अवधि 10 साल है।

एनसीसी लिमिटेड ने 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त तिमाही में प्रॉफिट लाभ में 12.5 प्रतिशत की साल-दर-साल गिरावट दर्ज की। कंपनी का प्रॉफिट दिसंबर तिमाही में 193.2 करोड़ था। पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में एनसीसी लिमिटेड ने 220.7 करोड़ का प्रॉफिट दर्ज किया था। कंपनी का परिचालन से राजस्व 5260 करोड़ के मुकाबले 1.6 प्रतिशत बढ़कर 5344 करोड़ हो गया। परिचालन स्तर पर एबिटा पिछले साल के 504 करोड़ की तुलना में इस वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 16.6 प्रतिशत गिरकर 420 करोड़ हो गया।

## 29वीं बार तोहफा देने जा रही कंपनी, 250 प्रतिशत बांटेगी डिविडेंड

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अब तक 28 बार डिविडेंड दे चुकी स्मॉल-कैप एडीसी इंडिया कम्युनिकेशंस ने अपने इन्वेस्टर्स को एक बार फिर से खुश किया है। कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 25 प्रति शेयर का इंटरिम डिविडेंड (अंतरिम लाभांश) देने का ऐलान किया है। 5 साल में इस कंपनी ने 1011 पर्सेंट



का मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। अगर 5 साल पहले 100000 लगाए होते, तो आज करीब 1000000 से अधिक हो जाते डिविडेंड शेयर में बुधवार को जोरदार खरीदारी देखने को मिली। शेयर खरीदने को मची लूट के चलते कमजोर बाजार में भी एडीसी इंडिया के शेयर उड़ान भर रहे हैं। आज सुबह यह स्टॉक अपने पिछले बंद 1182 रुपये की तुलना में 1209.95 रुपये पर खुला और 1273 रुपये के डे हाई पर पहुंच गया।

# गिरफ्तार किसानों को रिहा करने, 4 गुना मुआवजा देने और साधारण फोरलेन बनाने की मांग को लेकर एसडीएम को दिया ज्ञापन

नागदा जं.। उज्जैन-जावरा ग्रीनफील्ड हाईवे को साधारण फोरलेन बनाने व अधिग्रहित कृषि भूमि का मुआवजा चार गुना देने, पुलिस प्रशासन द्वारा जेल भेजे गए किसानो को तत्काल रिहा करने व छोटे किसानों को जमीन के मुआवजे के बदले कृषि हेतु शासकीय भूमि प्रदान करने व उज्जैन-जावरा ग्रीनफील्ड हाईवे के स्थान पर इन्दौर एयरपोर्ट से उज्जैन चिंतामण गणेश मंदिर तक बनने वाले फोरलेन को ग्रीनफील्ड हाईवे बनाये जाने व भुतेण्डा से जोयो चौपाटी जावरा तक साधारण फोरलेन हाईवे बनाये जाने के संबंध में मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम पूर्व विधायक दिलीपसिंह गुर्जर के नेतृत्व में क्षेत्र के किसानों व कांग्रेसजनों ने ज्ञापन एसडीएम बृजेश सक्सैना को दिया।

पूर्व विधायक गुर्जर ने कहा है कि नागदा-खाचरौद-जावरा क्षेत्र के भूमि अधिग्रहण पर अपने हक, अधिकारों की आवाज उठाने वाले किसानों के साथ सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार करने और उनके मुद्दों को गंभीरता से सुलझाने के प्रयास करने के बजाय प्रशासन के माध्यम से भाजपा सरकार द्वारा उन्हें गिरफ्तार कर जेल पहुंचा दिया है। यह सिर्फ उज्जैन-नागदा-खाचरौद-जावरा का मामला नहीं है, यह हर उस किसान की आवाज है जो अपनी जमीन, फसल और भविष्य को लेकर चिंतित है। सरकार को चाहिए कि वह किसानों से बात करे और समाधान का रास्ता निकाले, न कि उनके खिलाफ दमनकारी कदम उठाए। नागदा, खाचरौद, उन्हेल व रतलाम जिले की पुलिस प्रशासन द्वारा क्षेत्र के किसानो को अपने कृषि कार्य करते हुए खेतों, घरों से अरेस्ट कर उन्हें जेल भेज दिया किसानों द्वारा जमानत देने पर भी गिरफ्तार किसानों की जमानत नही ली जा रही है सालवेन्सी मांगी जा रही है। वहीं खाचरौद, नागदा, उन्हेल तहसील के किसानों को अपनी तहसील कार्यालय में जमानत के लिए नही भेजते हुए अन्य तहसीलों के कार्यालयों में भेजा जा रहा है प्रशासन के इस रवैये से किसानों में गहरी नाराजगी व आक्रोश है। इन मांगों को लेकर किया जा रहा है आंदोलन

1) उज्जैन-जावरा ग्रीनफील्ड हाईवे को साधारण हाईवे बनाया जाए।

2) हाईवे के लिए अधिग्रहण की जा रही जमीन के बदले विनिमय करके अन्य शासकीय भूमि किसानों को उपलब्ध कराई जाए क्योंकि कई छोटे किसान है जिनके पास 2-2, 4-4 बीघा जमीन है जो पुरी अधिग्रहित हो चुकी है जो उनकी रोजी-रोटी का साधन था। अधिग्रहण भूमि का मुआवजा गाइडलाइन के हिसाब से दिया जा रहा है जबकि भूमि का बाजार मुल्य गाइडलाइन से 10 गुना अधिक है जिससे किसान मुआवजे की राशि से अन्य जमीन नही खरीद पायेगा और किसान बेरोजगार होकर खेतीहर मजदुर बन जाएगा।

3) ग्रीनफील्ड हाईवे के लिए अधिग्रहित भूमि का गाइडलाइन से 4 गुना अधिक मुआवजा प्रदान किया जाए।

4) उज्जैन-जावरा के स्थान पर इन्दौर एयरपोर्ट से उज्जैन चिंतामण गणेश मंदिर तक बनने वाली फोरलेन को ग्रीनफील्ड हाईवे बनाया जाए जिससे कि प्रदेश की आर्थिक राजधानी इन्दौर एयरपोर्ट से आने वाले वीआईपी व धनाढय वर्ग के लोग बगैर किसी असुविधा के सीधे उज्जैन आकर महाकाल के दर्शन कर सके और सिंहस्थ के समय भी उन्हें आने-जाने में परेशानी ना हो आमजनता के लिए वैकल्पिक मार्ग के रूप में इन्दौर-उज्जैन 6 लेन रोड शासन द्वारा बनाया ही जा रहा है।

5) नागदा-खाचरौद-जावरा-उन्हेल पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए किसानों को तत्काल रिहा किया जाए।



# अगर आप एयर होस्टेस बनने का ड्रीम देखते हैं तो जानें पूरी डिटेल्स

**ज्यादातर लड़कियों का सपना होता है कि एयर होस्टेस बनने का होता है। अगर आप एयर होस्टेस बनने का ड्रीम देखते हैं तो जान लीजिए पूरी डिटेल्स। एअर इंडिया में अगर आप भी एयर होस्टेस की नौकरी करना चाहते हैं, तो जान लें सैलरी।**

हर लड़की का सपना होता है कि वह एयर होस्टेस बने। अगर आप भी एयर होस्टेस बनना चाहते हैं तो जान लीजिए इसकी शैक्षिणक योग्यता और कितनी सैलरी होती है। इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कि एअर इंडिया के फ्रेशर एयर होस्टेस की सैलरी कितनी होती है।

## शानदार जॉब

इंडिया में सबसे ज्यादा एयर होस्टेस का कोर्स पसंद किया जाता है। अधिकत्तर लड़कियों का सपना होता है फ्लाइट अटेंडेंट बनने का, अगर आप यह कोर्स करना चाहती है तो जान लीजिए इससे संबंधित जानकारी। एयर होस्टेस करियर के साथ सैलरी के लिहाज से भी शानदार जॉब है।

## कितनी होती है एयर होस्टेस की सैलरी

आमतौर पर लड़कियों का सवाल होता है कि एअर इंडिया के एयर होस्टेस को कितनी सैलरी मिलती है और क्या क्वालिफिकेशन चाहिए होती है। अगर आपको नहीं पता है कि एअर इंडिया के एयर होस्टेस की सैलरी कितनी होती है तो चलिए आपको बताते हैं।

फ्रेशर को मिलते हैं इतने रुपये

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक एयर होस्टेस की सैलरी प्रतिमाह 40000 से 50000 रुपये होती है। लेकिन इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं है। वहीं, फ्लाइट अटेंडेंट की क्वालिफिकेशन की बात करें तो अभ्यर्थी किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एविएशन मी ग्रेजुएट होना चाहिए।





## फिजिकल क्राइटेरिया

एयर होस्टेस के लिए डिग्री से ज्यादा अभ्यर्थी की कद काठी मायने रखता है। कैंडिडेट की लंबाई कम से कम 5 फीट 2 इंच होनी चाहिए। इसके साथ ही अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 17 वर्ष और अधिकतम वायु 26 साल होनी चाहिए। वहीं एयर होस्टेस के फिटनेस टेस्ट में आंखों की रोशनी भी चेक की जाती है। कमजोर आई साइट वाले यहां योग्य नहीं माने जाते हैं।



# एसईओ एक्सपर्ट बनकर कमाएं लाखों रुपये

**एसईओ एक्सपर्ट बनकर युवा कमा रहे हैं लाखों रुपये। इस करियर में कमाई के ढेरों अवसर मिलेंगे। 2030 तक 20 लाख युवाओं की होगी जरुरत। चलिए आपको बताते हैं एसईओ क्या है और कैसे बनेगा इसमें करियर।**

डिजिटल युग में आज यूथ के लिए कमाई के ढेरों अवसर मौजूद हैं। इन्हीं में सबसे पॉपुलर विकल्प है सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ)। यह आज के समय में सबसे ज्यादा डिमांड में है। 90 प्रतिशत होटल्स की बुकिंग एसईओ के कारण ऑनलाइन हो रही है। वहीं, सर्च इंजन पर कोई उत्पाद सर्च कर रहे 51 प्रतिशत एसईओ की वजह से ई-कॉमर्स साइट पर जाते हैं। दरअसल, जब आप ऑनलाइन ऑडर और फिर दवाइयों के लिए हर बार गूगल सर्च इंजन पर पहले पेज पर आने वाली कंपनियों को ज्यादा अटेंशन मिलची है। रिचर्स के अनुसार, कंपनियां मार्केटिंग के बजट में से 26 प्रतिशत रकम एसईओ पर खर्च कर रही हैं। 2030 तक एसईओ 1600 करोड़ की हो जाएगी और इसमें 20 लाख से अधिक युवाओं की जरुरत होगी।

## एसईओ एक्सपर्ट बनने की पात्रता

10 वीं पास युवा एसईओ का प्रशिक्षण ले सकते हैं।

## क्या होती है फीस

आमतौर पर एसईओ के एडवांस पाठ्यक्रम चलाने वाले संस्थान एडवांस कोर्स के लिए 50 हजार रुपये तक चार्ज करते हैं। इससे भी कम रुपये में भी कई संस्थान प्रशिक्षण ले सकते हैं।

## नौकरी में अवसर

गौरतलब है कि ऑन पेज, ऑफ पेज और टेक्निकल एसईओ ज्यादा प्रचलित हैं। लेकिन आज के समय मे प्रोडक्ट पेज एसईओ, कंटेंट एसईओ और वॉइस सर्च एसईओ भी पॉपुलर हो गए हैं। इन सभी में एक्सपर्ट युवाओं को बड़ी आसानी से किसी भी राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय कंपनी में फुल टाइम काम मिल जाता है।

## क्या सैलरी होती है?

- एसईओ विशेषज्ञ - 25 हजार
- कंटेंट स्ट्रेटिजिस्ट - 50 हजार
- टेक्निकल एसईओ मैनेजर - 60 हजार
- लिंक बिल्डिंग विशेषज्ञ- 18 हजार
- लोकल एसईओ विशेषज्ञ- 40 हजार
- ई कॉमर्स एसईओ मैनेजर - 80 हजार
- एसईओ कंसल्टेंट- 40 हजार
- एसईओ डेटा एनिलस्ट - 30 हजार
- एसईओ ट्रेनर- 35 हजार
- एसईओ मैनेजर - 60 हजार



आईपीएल 2025:

# शशांक सिंह में आई हार्दिक पांड्या की आत्मा

## शतक नहीं पूरा कर पाए श्रेयस

**अहमदाबाद, एजेंसी।** अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पंजाब किंग्स की कप्तानी कर रहे श्रेयस अय्यर अपने पहले ही मुकाबले में शतक बना लेते अगर टीम साथी शशांक सिंह के बीच हार्दिक पांड्या की आत्मा न आ गई होती। फ्लैट पिच पर गुजरात टाइटंस के गेंदबाजों के खिलाफ श्रेयस ने शुरूआत से आक्रमक रुख अपनाया था। आखिर पारी के 17वें ओवर में उन्होंने अपना रौद्र रूप दिखाया और प्रसिद्ध कृष्णा को 3 छक्के जड़कर मैच रोमांचक कर दिया। श्रेयस ने 42 गेंदों पर 5 चौके और 9 छक्कों की मदद 97 रन बनाए। वह आखिरी ओवर में शतक नहीं बना पाए क्योंकि उन्हें शशांक ने स्ट्राइक नहीं दी और पांच चौके ठोककर 243 रन तक टीम स्कोर तक पहुंचा दिया। अपना पहला आईपीएल शतक चूक जाने के बाद श्रेयस के माथे पर जरा भी शिकन नहीं थी। वह मुस्कराते हुए डगआउट की ओर गए जहां टीम साथियों ने उनका जोरदार स्वागत किया।

### चौथे ओवर में आए थे क्रीज पर

श्रेयस चौथे ओवर की शुरूआत में ही क्रीज पर आ गए थे जब प्रभसिमरन सिंह 5 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। श्रेयस ने प्रियांश के साथ साझेदारी बनाई और स्कोर 79 तक ले गए। प्रियांश के 47 रन पर आउट होने के बाद श्रेयस ने एक छोर संभाला और तेजतर्रार शॉट लगाए। इस दौरान उमरजजई 16, ग्लेन मैक्सवेल 0, मार्कोस स्टोइनिस 20 रन बनाकर आउट हो गए लेकिन श्रेयस ने शशांक के साथ मिलकर स्कोर 200 पार लगाया। अगर वह शतक लगाते तो क्रिकेट फैंस बेहद खुश होते लेकिन ऐसा हो नहीं पाया।



### बतौर कप्तान 2000 रन भी पूरे

आईपीएल में बतौर कप्तान श्रेयस अय्यर ने अपने 2 हजार रन भी पूरे कर लिए हैं। इस लिस्ट में विराट कोहली 143 मैचों में 4994 रन बनाकर टॉप पर हैं। इसके बाद महेंद्र सिंह धोनी 4660 रन, रोहित शर्मा 3986 रन, गौतम गंभीर 3518 रन, डेविड वॉर्नर 3356 रन और केएल राहुल 2691 रन का नाम आता है। केएल राहुल यह उपलब्धि हासिल करने वाले सातवें बल्लेबाज हैं उन्होंने यह रिकॉर्ड अपने 71वें मुकाबले में बनाया।

### ऐसी गुजरी पंजाब किंग्स की पारी

पंजाब के लिए प्रियांश आर्य के साथ प्रभसिमरन सिंह ओपनिंग के लिए आए। प्रभसिमरन चौथी ओवर में पांच रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद प्रियांश ने एक छोर संभाला और ताबड़तोड़ शॉट लगाए। कप्तान श्रेयस अय्यर भी अलग रंग में दिखे। दोनों ने पावरप्ले में पंजाब का स्कोर 73 पर ला खड़ा कर दिया। 7वें ओवर में प्रियांश 23 गेंदों पर 47 रन बनाकर राशिद खान का शिकार हो गए।
श्रेयस ने एक छोर संभाला लेकिन उमरजजई 16 तो ग्लेन मैक्सवेल पहली ही गेंद पर आउट हो गए। तब श्रेयस के साथ स्टोइनिस पारी संभालते हुए दिखे। श्रेयस ने इस दौरान अपना अर्धशतक पूरा किया। श्रेयस रुके नहीं। उन्होंने शशांक के साथ कदम मिलाया और तेजी से रन खींचे। 20वें ओवर में उन्हें स्ट्राइक ही नहीं मिली जिसके चलते वह अपना शतक पूरा नहीं कर पाए। लेकिन शशांक ने टीम को 243 रन तक पहुंचा दिया। शशांक ने 16 गेंदों पर 44 रन बनाए।

# युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा के तलाक की असल वजह आई सामने

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा का तलाक हो चुका है। 20 मार्च ब्रांद्रा फैमिली कोर्ट ने दोनों के तलाक पर मोहर लगाई। इस जोड़े ने अलग होने की घोषणा की थी, लेकिन उन्होंने अपने अलग होने के पीछे की वजह का खुलासा नहीं किया। एक नई रिपोर्ट में है इन दोनों के अलग होने की वजह सामने आई है। चहल-धनश्री ने दिसंबर 2020 में अपनी शादी की थी। एक वरिष्ठ पत्रकार विक्की लालवानी के मुताबिक चहल-धनश्री के बीच तलाक का मुख्य कारण उनके निवास स्थान को लेकर जुड़ा था।



पत्रकार के मुताबिक, शादी के बंधन में बंधने के बाद युजी और धनश्री हरियाणा में युजी के माता-पिता के साथ रहने चले गए और जरूरत पड़ने पर ही मुंबई जाते थे। यह मुंबई-हरियाणा का झगड़ा ही एक मुख्य कारण था जिसकी वजह से यह चर्चित शादी टूट गई। युजी ने स्पष्ट किया कि वह अपने माता-पिता के घर और आस-पास से खुद को दूर नहीं करेंगे। इन दावों के बावजूद युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा सहित दोनों के परिवार वालों ने इस मामले में कुछ नहीं कहा है। अपने आधिकारिक बयान में जोड़े ने कहा कि उन्होंने सौहार्दपूर्ण और आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया है।

एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप:

# सुनील कुमार ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में जीता कांस्य पदक, चीनी पहलवान को दी मात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुनील ने चीन के जियाजिन हुआंग को मात दी। सुनील इससे पहले सेमीफाइनल में हार गए थे जिसके बाद उन्होंने कांस्य के लिए मुकाबला खेला। भारतीय पहलवान सुनील कुमार ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता। 87 किग्रा ग्रीको रोमन वर्ग के कांस्य पदक मुकाबले में सुनील ने चीन के जियाजिन हुआंग को मात दी। सुनील इससे पहले सेमीफाइनल में हार गए थे जिसके बाद उन्होंने कांस्य के लिए मुकाबला खेला।

**सेमीफाइनल में ईरानी प्रतिद्वंद्वी से हारे थे सुनील**

2019 में रजत पदक जीतने वाले सुनील पुराना जादू बिखेरने में सफल रहे। उन्होंने क्वार्टर



फाइनल में तजाकिस्तान के सुखरोब अब्दुलखाएव को 10-1 से हराया। सेकेंड पीरियड में उन्होंने सभी अंक हासिल किए थे। हालांकि, सेमीफाइनल में ईरान के यासिन याजदी के खिलाफ सुनील को 1-3 से हार का सामना करना पड़ा और वह फाइनल में जगह नहीं बना सके।

### ● अन्य मैचों के नतीजे

वहीं, 77 किग्रा वर्ग का क्वालिफिकेशन बाउट जीतने वाले सागर ठकरान क्वार्टर फाइनल में जॉर्डन के आमरो सादेह से 10-0 से हार गए। सादेह ने इस तरह सेमीफाइनल में जगह बनाई। हार के बाद सागर को अपने प्रतिद्वंद्वी के सेमीफाइनल मैच के नतीजे पर निर्भर रहना होगा। अन्य मैचों में उमेश (63 किग्रा) क्वालिफिकेशन में हार गए, जबकि नितिन (55 किग्रा) और प्रेम (130 किग्रा) भी क्वालिफिकेशन दौर से बाहर हुए।



# नीशम के 5 विकेट के बाद सीफर्ट न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को हराया

**वेलिंग्टन, एजेंसी।** जेम्स नीशम (पांच विकेट) और जैकब डफी (दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद टिम सीफर्ट (नाबाद 97) की विस्फोटक पारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने बुधवार को पांचवें और आखिरी टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान के 10 ओवर शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने पांच मैचों सीरीज भी 4-1 से अपने नाम कर ली। पाकिस्तान के 128 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की टिम सीफर्ट और फिन एलन की सलामी जोड़ी ने आतिशी बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए पहले विकेट 93 रन जोड़े।

सातवें ओवर में सुफियान मुकीम ने फिन एलन को बोल्ड कर पाकिस्तान को पहली सफलता दिलाई। फिन एलन ने 12 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए (27) रन बनाये। नौवें ओवर में मार्क चैपमैन (तीन) रन बनाकर आउट हुए। उन्हें सुफियान मुकीम ने आउट किया। टिम सीफर्ट ने 38 गेंदों में 10 छक्के और छह चौके लगाते हुए (नाबाद 97) रनों की विस्फोटक पारी खेली। न्यूजीलैंड ने 10 ओवर में दो विकेट पर 131 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। जेम्स नीशम को उनकी बेहतरीन गेंदबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच तथा टिम सीफर्ट को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द सीरीज से नवाजा गया। पाकिस्तान की ओर से सुफियान मुकीम को दो विकेट मिले। इससे पहले आज यहां न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।



बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र 25 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गवां दिए। हसन नवाज (शून्य), उमर युसुफ (सात) और मोहम्मद हरिस (11) रन बनाकर आउट हुये। ऐसे संकट के समय बल्लेबाजी करने आये कप्तान आगा सलमान ने पारी को संभालने का प्रयास किया।

इसके बाद उस्मान खान (सात), अब्दुल समद (चार) नीशम ने आउटकर पवेलियन भेज दिया। शादाब खान ने 20 गेंदों में पांच चौके लगाते हुए (28) रनों की पारी खेली। उन्हें 17वें ओवर की पहली गेंद पर नीशम ने ही आउट किया।

जहानदाद खान (एक) और सुफियान मुकीम (शून्य) को भी नीशम ने अपना शिकार बनाया। आगा सलमान ने 39 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए (51) रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली।

# इंदौर प्रेस क्लब के मीडिया कॉन्क्लेव के लिए देंगे हरसंभव सहयोग

इंदौर। इंदौर प्रेस क्लब द्वारा आगामी 7, 8 और 9 अप्रैल को आयोजित किए जा रहे इंदौर मीडिया कॉन्क्लेव को लेकर उत्साह का माहौल बनने लगा है। आयोजन की तैयारी के संदर्भ में आज शहर की प्रमुख साहित्यिक संस्थाओं, स्वयंसेवी संगठनों और विश्वविद्यालय व कॉलेजों में संचालित हो रहे पत्रकारिता संस्थान के पदाधिकारियों की एक बैठक इंदौर प्रेस क्लब में सम्पन्न हुई। बैठक में सभी पदाधिकारियों ने इस आयोजन के लिए हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस मौके पर आयोजन को लेकर तैयार किए गए पोस्टर का विमोचन भी किया गया। इंदौर प्रेस क्लब अध्यक्ष श्री अरविंद तिवारी ने उपस्थित पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि तीन दिवसीय इस आयोजन में पत्रकारिता और साहित्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चिंतन-मनन के विभिन्न सत्र होना है। इन सत्रों में बतौर अतिथि देश के पत्रकारिता और साहित्य जगत के कई प्रमुख हस्ताक्षर शामिल हो रहे हैं।

# 'सौगात ए मोदी' पर सियासी घमासान: MP के मंत्री का बड़ा बयान, कहा - 'राजीव गांधी ने कहा था, मोदी ने कर दिखाया'

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ÷सौगात ए मोदी÷ योजना को लेकर सियासत तेज हो गई है। विपक्ष के सवालों के बीच लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार मुस्लिमों का होगा, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे हकीकत में बदलकर दिखा दिया है। राकेश सिंह ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि उनकी पार्टी ने हमेशा मुसलमानों को सिर्फ वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया और उन्हें भाजपा से डराने का काम किया। उन्होंने दावा किया कि केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाओं का सबसे ज्यादा लाभ मुस्लिम समाज को ही मिल रहा है।

कुणाल कामरा की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया- लोक निर्माण मंत्री ने स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा के हालिया बयान पर भी प्रतिक्रिया दी।



उन्होंने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर किसी के भी व्यक्तित्व का अपमान करना उचित नहीं है। उन्होंने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि इस तरह की टिप्पणियों से समाज में नकारात्मकता फैलती है।

## त्योहारों पर खुले में मांस बिक्री पर बोले मंत्री

मंत्री ने त्योहारों के दौरान खुले में मांस बिक्री के मुद्दे पर भी बयान दिया। उन्होंने कहा कि बहुसंख्यक समाज की भावनाओं का सभी को सम्मान करना चाहिए। त्योहारों के मौके पर धार्मिक स्थलों और रिहायशी इलाकों में मांस बिक्री से परहेज किया जाना चाहिए ताकि किसी की आस्था को ठेस न पहुंचे।

## ● औरंगजेब को बताया सबसे क्रुर शासक

राकेश सिंह ने इतिहास पर बात करते हुए औरंगजेब को सबसे क्रूर शासक बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे शासकों के महिमामंडन से देश की जनता की भावनाएं आहत होती हैं।

# लोकायुक्त की बड़ी कार्रवाई: 15 हजार की रिश्वत लेते सहायक मंडी उपनिरीक्षक रंगे हाथों गिरफ्तार

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश में भ्रष्टाचार के खिलाफ लोकायुक्त का बड़ा प्रहार हुआ है। अशोकनगर जिले के ईसागढ़ में सहायक मंडी उपनिरीक्षक को 15 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। यह कार्रवाई लोकायुक्त ग्वालियर की 15 सदस्यीय टीम ने की, जिसने मंडी समिति के स्टाफ कक्ष में दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल, इस मामले में आगे की जांच जारी है। प्रदेश में भ्रष्टाचार के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इसी कड़ी में ईसागढ़ के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष भूपेंद्र नारायण द्विवेदी ने लोकायुक्त ग्वालियर में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी के लिए गल्ला व्यापार का लाइसेंस बनवाने के नाम पर कृषि मंडी उपनिरीक्षक महेंद्र कनेरिया ने रिश्वत की मांग की थी।

**पहले 20 हजार मांगे, फिर 15 हजार में हुआ सौदा-** मंडी में गल्ला व्यवसाय के लाइसेंस के लिए पहले 20 हजार की मांग की गई थी, लेकिन बातचीत के बाद 15 हजार में सौदा तय हुआ। शिकायत मिलते ही लोकायुक्त टीम ने मामले की पड़ताल शुरू कर दी। शिकायत की पुष्टि के बाद, ग्वालियर लोकायुक्त निरीक्षक कविंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में 15 सदस्यीय टीम ने मंडी समिति के स्टाफ कक्ष पर छापा मारा। जैसे ही महेंद्र कनेरिया ने 15 हजार रुपये रिश्वत के तौर पर लिए, वैसे ही लोकायुक्त टीम ने उसे रंगे हाथ दबोच लिया लोकायुक्त ने आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। यह मामला भ्रष्टाचार के खिलाफ एक और बड़ी कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है।

# पत्रकार पर झूठा केस, जीतू पटवारी का भाजपा पर बड़ा हमला- कहा, लोकतंत्र की हो रही है हत्या!

**खजुराहो।** पत्रकारों पर झूठे केस दर्ज करने के मामले ने सियासी तूफान खड़ा कर दिया है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इस मुद्दे पर भाजपा सरकार पर बड़ा हमला करते हुए कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है, लेकिन सरकार इसे दबाने की कोशिश कर रही है। सतना में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी खजुराहो एयरपोर्ट पहुंचे। जहां मीडिया से बात करते हुए उन्होंने भोपाल में पत्रकार पर झूठा केस दर्ज करने के मामले पर भाजपा पर निशाना साधा। %भाजपा सरकार और माफिया राज का गठजोड़ सामने आ गया है। जो भी इसके खिलाफ आवाज उठाएगा, उसे दबाने की कोशिश की जाएगी। चाहे वह गरीब हो, किसान हो या पत्रकार।%

## जीतू पटवारी ने कहा

पत्रकारों को झूठे केस में फंसाना लोकतंत्र की हत्या करने जैसा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार उन सभी लोगों को निशाना बना रही है जो सरकार की सच्चाई को जनता के सामने लाने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी ने भी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ऐसा सिर्फ पत्रकारों के साथ ही नहीं हो रहा है, बल्कि किसानों, युवाओं, आदिवासियों और दिव्यांगों के साथ अन्याय हो रहा है। उन्होंने कहा, %%इसी वजह से सतना में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ एक बड़ा सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है,



जिसमें तय किया जाएगा कि भविष्य में मध्य प्रदेश को कैसे बेहतर राज्य बनाया जाए।%%

## क्या पत्रकारों पर दबाव बना रही है सरकार?

प्रदेश में पत्रकारों के खिलाफ बढ़ती कार्रवाई को लेकर विपक्ष लगातार सरकार पर हमला बोल रहा है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि पत्रकारों को डराने और उनकी आवाज दबाने के लिए भाजपा सरकार झूठे मामले दर्ज कर रही है। कांग्रेस इस मुद्दे पर पूरे प्रदेश में विरोध प्रदर्शन करने की तैयारी कर रही है। इस पूरे मामले को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। कांग्रेस इस मुद्दे पर सड़क से लेकर सदन तक विरोध प्रदर्शन करने की योजना बना रही है। वहीं, भाजपा की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

# कमलनाथ का बड़ा हमला - 'आमदनी अठन्नी, खर्चा रुपैया', कर्ज़ में डूबती सरकार पर उठाए सवाल!

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में बढ़ते कर्ज़ को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की आर्थिक स्थिति पूरी तरह डगमगा गई है और सरकार अंधाधुंध कर्ज़ लेने में लगी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि इतना भारी कर्ज़ लेने के बावजूद जनता को इसका कोई लाभ नहीं मिल रहा, बल्कि पैसा घोटालों और भ्रष्टाचार में जा रहा है। कमलनाथ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट कर बताया कि सरकार दो हफ्ते पहले 4.2 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश कर चुकी है, लेकिन मंगलवार को सरकार ने 4,400 करोड़ रुपये का अतिरिक्त लोन लेने की औपचारिकताएं पूरी कीं। इसके बाद प्रदेश सरकार पर कुल 4.3 लाख करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज़ चढ़ गया है। उन्होंने कहा, ÷प्रदेश सरकार ने इस वित्तीय वर्ष में 61,400 करोड़ रुपये का नया कर्ज़ लिया है, लेकिन इसका फायदा प्रदेश को नहीं मिल रहा। मध्य प्रदेश में विकास के नाम पर सिर्फ घोटाले हो रहे हैं।÷ कर्ज़ की यह रकम जनता को कभी सोने और नकदी के रूप में घोटालों में दिखती है, कभी धान घोटाले में, कभी राशन घोटाले में, कभी भर्ती घोटाले में, तो कभी बेरोजगारी बढ़ने के रूप में नजर आती है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि ÷प्रदेश में नौकरियां कम हो



रही हैं, किसानों की आमदनी घट रही है, सरकारी स्कूल-कॉलेजों में शिक्षक नहीं हैं, महंगाई बढ़ रही है, तो फिर आखिर यह पैसा जा कहां रहा है?÷ प्रदेश सरकार कर्ज़ लेकर सिर्फ बड़े-बड़े इवेंट, महंगे विज्ञापन और प्रचार-प्रसार में खर्च कर रही है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि ÷कर्ज़ लेने की प्रवृत्ति अब एक महामारी बन गई है, जिससे मध्य प्रदेश की जनता छुटकारा चाहती है।÷

# भोपाल में हिंदुओं का पलायन! आरएसएस का चौंकाने वाला दावा, 3 हजार से ज्यादा ने छोड़ा घर

**भोपाल।** राजधानी भोपाल से चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस की रिपोर्ट के मुताबिक, शहर के मुस्लिम बाहुल्य इलाकों से हिंदू समुदाय तेजी से पलायन कर रहा है। रिपोर्ट का दावा है कि अब तक 3,000 से ज्यादा हिंदू परिवार अपने घर छोड़ने को मजबूर हो चुके हैं। इस मुद्दे पर हिंदू और मुस्लिम पक्षों के अलग-अलग बयान सामने आए हैं। आरएसएस ने संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर मध्य भारत क्षेत्र में किए गए एक सामाजिक अध्ययन के आधार पर यह रिपोर्ट तैयार की है। रिपोर्ट के मुताबिक, शहर के शाहजहांनाबाद, कोहेफिजा, सिंधी कॉलोनी, कबाड़खाना, टीला जमालपुर, कांग्रेस नगर, बाग फतेह अफजा, बरखेड़ी और अन्य कई क्षेत्रों से हिन्दू परिवार पलायन कर चुके हैं।

आरएसएस के मध्यभारत प्रांत संघचालक अशोक पांडे ने कहा

÷शहर के कई हिस्सों से हिंदुओं को मजबूरी में पलायन करना पड़ा है। हमने इसे रोकने की कोशिश की है और आगे भी प्रयास जारी रहेंगे। हिंदुओं को डरने की जरूरत नहीं है, हम उनके साथ खड़े हैं।÷ आरएसएस की रिपोर्ट पर ऑल इंडिया उलेमा बोर्ड के अध्यक्ष काजी अनस अली ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इस रिपोर्ट को गलत और भ्रामक बताया। उन्होंने कहा भोपाल पहले बहुत छोटा था, लेकिन अब यहां सभी समुदायों के लोग बस गए हैं। जहां मुसलमान रहते हैं, वहां हिंदू भी शांति से रह रहे हैं। इस तरह के दावे करना ठीक नहीं है। महामंडलेश्वर अखिलानंद मैं सालों से भोपाल में रह रहा हूं और मैंने खुद देखा है कि हिंदुओं



को अपने घर छोड़ने पड़ रहे हैं। काजी कैंप, इंदिरा नगर, गौतम नगर, नारियल खेड़ा जैसे इलाकों में हिंदुओं की संख्या घट रही है।÷

÷एक विशेष वर्ग हिंदुओं को प्रताड़ित करता है, जिससे वे अपने मकान औने-पौने दामों में बेचकर अन्य इलाकों में बसने को मजबूर हो रहे हैं।

बीजेपी विधायक का बयान ङ्क डरने की जरूरत नहीं मामले पर बीजेपी विधायक रामेश्वर शर्मा ने भी प्रतिक्रिया दी

आरएसएस माइक्रो सर्वे करती है, हमें इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। हिंदुओं को डरने की जरूरत नहीं है। अगर कोई उन्हें डराने की कोशिश करेगा, तो सरकार उस पर सख्त कार्रवाई करेगी।÷ इस मुद्दे पर अब बड़ी बहस छिड़ गई है। आरएसएस और हिंदू संगठनों की मांग है कि सरकार को इस पलायन के पीछे की सच्चाई का पता लगाने के लिए एक आधिकारिक सर्वे कराना चाहिए। वहीं, मुस्लिम समुदाय का कहना है कि यह एक मनगढ़ंत मुद्दा है और हिंदू-मुस्लिम सौहार्द्र को बिगाड़ने की साजिश है।